तुझ संग प्रीत लगाई मोहना भजन लिरिक्स

तुझ संग प्रीत लगाई मोहना,
मोहना मोहना ओ कान्हा,
ओ रे नंदलाला ओ रे गोपाला,
तुझ संग प्रित लगाई मोहना,
मोहना मोहना ओ कान्हा।bd।

तर्ज – तुझ संग प्रीत लगाई।

आजा मेरे कान्हा तेरी बाट निहारूं,
अखियों की पलकों से राह बुहारूं,
नैणा का कलशा लिया चरण धुलाऊँ,
एक तू ही मन को है भाया मोहना,
मोहना मोहना ओ कान्हा,
ओ रे नंदलाला ओ रे गोपाला,
तुझ संग प्रित लगाई मोहना,
मोहना मोहना ओ कान्हा।bd।

मैंने तेरी सूरत को मन में बसाया,
सांवली सूरत का कान्हा कैसा नशा छाया,
तन में मन में तू ही समाया,
मैं हूँ तुझपे वारि मोहना,
मोहना मोहना ओ कान्हा,
ओ रे नंदलाला ओ रे गोपाला,
तुझ संग प्रित लगाई मोहना,
मोहना मोहना ओ कान्हा।bd।

ऋतू बसंत जमुना तट आजा,
प्यारी प्यारी बांसुरी की तान सुना जा,
आकर के विश्वास दिला जा,
अब तो याद तेरी आए मोहना,
मोहना मोहना ओ कान्हा,
Bhajan Diary Lyrics,
ओ रे नंदलाला ओ रे गोपाला,
तुझ संग प्रित लगाई मोहना,
मोहना मोहना ओ कान्हा।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

तुझ संग प्रीत लगाई मोहना,
मोहना मोहना ओ कान्हा,
ओ रे नंदलाला ओ रे गोपाला,
तुझ संग प्रित लगाई मोहना,
मोहना मोहना ओ कान्हा।bd।

गायक – दिनेश जी भट्ट।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com